**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3568**

**15 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए**

**रेलवे को इस्पात की आपूर्ति**

**3568. डॉ॰ सुजय विखे पाटीलः**

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटीलः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान रेलवे को भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) द्वारा आपूर्तित विभिन्न उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सेल ने रेल की पटरियों और डिब्बों के लिए विशेष इस्पात के उत्पादन हेतु रेलवे के साथ कोई समझौता किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सेल का भारतीय रेल के साथ एक संयुक्त उद्यम में कोच विनिर्माण संयंत्र की स्थापना की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) अब तक इस संबंध में की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): गत तीन वर्षों के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा उत्पादन और रेलवे को विभिन्न उत्पादों की आपूर्ति के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

कुल उत्पादन

(हजार टन में)

| वित्त वर्ष | रेल (यूटीएस 90) | व्हील्स | एक्सल | फ्लैट उत्पाद | अन्य लंबे उत्पाद | स्टेनलेस स्टील | अलॉय स्टील |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2016-17** | 649.3 | 24.7 | 2.4 | 7394 | 5566 | 111 | 109 |
| **2017-18** | 902.7 | 23.8 | 2.0 | 7480 | 5474 | 85 | 106 |
| **2018-19** | 985.0 | 20.8 | 2.4 | 7903 | 5934 | 99 | 126 |

<u>रेलवे को आपूर्ति</u>

(हजार टन में)

| वित्त वर्ष | रेल (यूटीएस 90) | व्हील्स | एक्सल | फ्लैट उत्पाद | अन्य लंबे उत्पाद | स्टेनलेस स्टील | अलॉय स्टील |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2016-17** | 620 | 23.4 | 2.3 | 64.7 | 9.4 | 25.1 | 26.7 |
| **2017-18** | 874 | 24.3 | 2 | 64.5 | 11 | 10.6 | 22.4 |
| **2018-19** | 945 | 21.2 | 2.4 | 54.2 | 8.1 | 6.4 | 30.9 |

(ख): रेलों की आपूर्ति के लिए 1 फरवरी 2003 को सेल और भारतीय रेलवे ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। एमओयू की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित है:

- भारत सरकार की समग्र नीतियों के बीच वार्षिक समीक्षा के अधीन रेलवे, लॉन्ग रेल्स/लॉन्ग रेल पैनलों की अपनी कुल आवश्यकताओं की खरीद और इसकी सामान्य आवश्यकताओं का शेष भी अन्य लंबाइयों, यथा 13 मी., 26 मी. आदि में सेल से खरीद करने के लिए वचनबद्ध है।
- सेल/बीएसपी परस्पर स्वीकृत सुपुर्दगी कार्यक्रम के अनुसार रेलवे की आवश्यकता को पूरा करेंगे।
- भारतीय रेलवे और सेल की संयुक्त मूल्य-निर्धारण समिति रेल लागतों की सिफारिश करेगी।
- सेल को अपनी आपूर्ति प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए रेलवे भिलाई इस्पात संयंत्र से लॉन्ग रेल्स/लॉन्ग वेल्डेड पैनलों की नियमित एवं अबाधित यातायात व्यवस्था करने के लिए सभी प्रयास करेंगे।

(ग): जी नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

****